है, वहा पर शहरो मे हर जगह हम खोलने के लिए तैयार हैं । जहा तक कास्ट का सवाल है, एक काल के पीछे जो 50 पैसे लगते हैं, वही लगेगें ।

श्री राम कंवार बेरवा राजस्थान के जयपुर शहर मे 5 हजार की भ्राबादी वाले बहुत भ्रधिक गाव है लेकिन मैं मत्री महोदय से यह जानना चाहता हू कि कितने लोगो के एप्लाई करने पर भ्राप टेलीफोन एक्सचेन्ज खोल देते हैं । भ्राप की भ्राल इडिया पालिसी क्या है ।

श्री बृजलाल वर्मा : भ्रध्यक्ष महोदय, वैसे यह सवाल तो मध्य प्रदेश के बारे मे है लेकिन राजस्थान के बारे मे भी मैं यह कहना चाहता हूं कि वहा पर जहा भी 5 हजार से ज्यादा की भ्राबादी वाले गाव है, उन सब मे दो वर्ष मे हम टेलीफोन की सुविधाए दे देंगे ।

## Losses in Posts and Telegraphs Department

+

*777 SHRI KANWAR LAL GUPTA
SHRI SUKHDEO PRASAD VERMA·

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state

(a) the amount of losses in the Posts and Telegraphs Department in the last 3 years,

(b) what are its main causes and the steps taken by the Government to remove the same,

(c) whether Government have appointed some Committee to rationalise the rates of P&T Department and Telephone Department, and Telephone

(d) if so, the details thereof and the steps taken by the Government thereon?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI BRIJ LAL VERMA) (a) and (b) In the last three years, the Posts and Telegraphs Department had a deficit only during 1975-76. The deficit was Rs 4 41 crores which was mainly due to the payment of five additional instalments of Dearness Allowance during that year (amounting to Rs 30 crores)

(c) No, Sir However, the rationalisation of tariffs is continuously under review of the P&T Department

(d) Does not arise

श्री कंवर लाल गुप्त भ्रध्यक्ष महोदय, भ्रभी माननीय मत्री जी ने बताया है कि हम टेलीफोन की व्यवस्था बढाने के बारे मे कोशिश कर रहे है भ्रौर सब जगह टेलीफोन बढा रहे है लेकिन टेलीफोन की सुविधा बढाते बढाते जो क्वालिटी है वह गिरती जा रही है भ्रौर दिल्ली मे 15, 15 दिन तक टेलीफोन ठीक नही होते है । भ्रगर 197, 198 भ्रौर 199 को टेलीफोन करते है, तो तीन तीन मिनट तक कोई जवाब नही देता है । इस तरह का क्रिमिनल नैगलीजेंस टेलीफोन डिपार्टमेट की तरफ से है । तो मै मत्री महोदय से पूछना चाहता हू कि दिल्ली मे भ्रगर भ्राप यह सुविधा दे रहे है, तो इस की क्वालिटी ठीक करे भ्रौर उस सारी व्यवस्था को ठीक करने के लिए भ्राप क्या कदम उठा रहे है भ्रौर दिल्ली की लिस्ट को पूरा करने के लिए भ्राप कितना समय लगे भ्रौर उस के लिए क्या कदम उठा रहे है ।

श्री बृजलाल वर्मा : भ्रध्यक्ष महोदय जो माननीय सदस्य ने टेलीफोन मे बहुत सी गडबडिया के बारे मे कहा है उनको दुरुस्त करने के लिए हम कदम उठा रहे है । पहला कदम तो यह है कि जो कैबिल्ज है उनको प्रैशराइजेशन सिस्टम से भ्रौर गैस भर कर जल्दी से जल्दी फाल्ट्स कैसे मालूम हो सके इसके लिए कोशिश कर रहे हैं । दूसरे जैली फिल केबल के प्रयोग की कोशिश कर रहे है कि फाल्ट कम से कम भ्राये । तीसरे इस्ट्रूमेंट्स मे भी कुछ खराबी है । हमारे पास दो तरह के सिस्टम है, क्रोस बार सिस्टम भ्रौर स्ट्राउजर सिस्टम ।

स्ट्राउजर सिस्टम बहुत पुराना है, उसमें फाल्ट कम है। लेकिन फेन्टाकोन्टा क्रोस बार में काफी फाल्ट्स हैं उसको दुरुस्त करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा खराबियों को दूर किया जाए। पहले जो क्रोसबार सिस्टम आया था वह दो ढंग से आया था। दिल्ली में जो जोरबाग में लगा है वह फेन्टाकोन्टा क्रासबार बैल्जियम से आया था और उसमें ज्यादा खराबियां हैं। यह 1964 में आया था। लेकिन जो स्विडन से आया था और ईदगाह में लगा हुआ है यह ज्यादा अच्छा है। फिर भी जो भी खराबियां हैं उनको दूर करने के लिए हमारे जो कारखाने हैं उनमें अच्छे से अच्छे इंस्ट्रूमेंट्स बना कर और आवश्यकता हुई तो बाहर से भी मंगा कर दुरुस्त करने की कोशिश कर रहे हैं। यह खराबियां बहुत पुरानी हैं जो कि हमारे जिम्मे पड़ी हैं फिर भी हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि। उनको कैसे दुरुस्त करें।

दूसरा प्रश्न जो माननीय सदस्य ने किया उस बारे में मेरा कहना हैं कि दिल्ली में वेटिंग लिस्ट में 40,000 नाम हैं और इसको दो साल में हम पूरा कर देगें, यह हम आपको आश्वासन देना चाहते हैं।

जहां तक 197 इनक्वायरी से जवाब देर से मिलने की बात है उसको भी दुरुस्त करने के लिए हमने कदम उठाए हैं। अभी जितने कर्मचारी वहां काम कर रहे हैं उससे दुगना स्टाफ हमने लगा दिया है और नई डायरेक्टरी को भी जल्दी से जल्दी निकाल रहे हैं जिससे यह सवाल पूछने की नौबत न आए।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : मैं मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली की वैटिंग लिस्ट दो साल में पूरा करने को कहा हैं, और मैं आशा करता हूं कि जरा अपने एड-मिनिस्ट्रेशन को खींचें क्योंकि दो, दो मिनट तक कोई टेलीफोन ही नहीं उठाता।

मैं पी एण्ड टी के बारे में पूछना चाहता हूं कि गावों में ठीक समय पर डाक मिले, अभी तो कई कई दिन लग जाते हैं, तो मंत्री महोदय की क्या योजना है कि अगले दो, तीन साल में प्रत्येक गांव में रोजाना डाक मिल जाए। इस तरह की कोई व्यवस्था कर रहे हैं? यदि हां, तो क्या है?

**श्री बृजलाल वर्मा** : अध्यक्ष जी, अभी हमारे पास करीब साढ़े पांच लाख गावों में रोज डाक पहुंचाने की व्यवस्था है। हम कोशिश कर रहे हैं कि इस व्यवस्था को और बढ़ाया जाए और बढ़ा कर चाहते हैं कि 3100 इस साल नए पोस्ट आफिस खुल जायें और 50,000 गावों में मूविंग पोस्ट आफिसेज खोल रह हैं जिसमें इस की व्यवस्था हो जाएगी। इस प्रकार से जो 10 साल में पिछली सरकार ने नहीं किया है हम उन सारी व्यवस्थाओं को इस साल में कर रहे हैं।

**श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा** : मंत्री महोदय ने बताया कि टेलीफोन के यंत्र पुराने हो गए हैं, जिनके चलते भी गड़बड़ी हो रही है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इन टेलीफोन एक्सचेजों के यंत्रों का जो वह नवीकरण करना चाहते हैं, यह कब तक होगा और इसके सम्बन्ध में उन्होंने क्या कार्यवाही की है?

उन्होंने बताया कि नए वर्ष में डाक की असुविधा को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर हम पोस्ट आफिसेज और सब-पोस्ट आफिसेज की व्यवस्था करने जा रहे हैं। मैं जानना चाहता हूं कि इस बारे में क्या नीति निर्धारित की है? इसमें पंचायत का या जनसंख्या का, क्या तरीका अख्त्यार किया है जिसके आधार पर गावों में नए डाकघरों की व्यवस्था आप करेंगे?

**श्री बृजलाल वर्मा** : हम कोशिश कर रहे हैं कि सारे गांवों में पोस्टल सुविधाएं दे सकें, परन्तु पोस्ट आफिसेज खोलने की जो नीति

निर्धारित की है उसके अनुसार हमारी टोटल कास्ट का यदि 25 परसेंट पैसा वहां से हमें मिल जाता है तो हम वहां पोस्टग्राफिस खोल देते हैं। पिछड़े हुए एरिए में 15 परसेंट और हिल एरिया में 10 परसेंट कास्ट का हमें मिल जाएगा तो वहां भी पोस्ट ग्राफिस खोल देंगे।

श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा : टेलीफोनों के जो यंत्र खराब हैं, उनके सम्बन्ध में मंत्री महोदय क्या कर रहे हैं ?

श्री बृजलाल वर्मा : जो टलीफोन सिस्टम खराब है, उसका दो साल में हम ओवरहाल कर रहे हैं। सारे सिस्टम को इस ढंग से कर रहे हैं कि ग्राल्टरनेटिव नए इंस्ट्रूमेंट्स लगा सकें जिससे यह कठिनाई दूर हो सके।

SHRI DWARKADAS PATEL: May I know from the hon. Minister whether it is a fact that after the telephone connection is sanctioned by the Department and the client has already paid the demand-note-money, the connections are not given for two to five years? The Department gives connections only after receiving some gifts from the clients. Will the Minister look into this matter and fix the maximum time limit for giving connections after the demand-note-money is received by the Department?

SHRI BRIJLAL VERMA: Whatever the pending telephone demands of the nation be at present, will be fulfilled within two years.

श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या यह बात सही है कि इस समय देश के महानगरों में, दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, कानपुर, अहमदाबाद, मद्रास और हरेक राज्य की राजधानियों और प्रान्तों के बड़े नगरों में जो टेलीफोन एक्सचेंज की मशीनें लगी हुई है, वह मशीनें बराबर काम नहीं कर रही हैं। विदेशों से जो मशीनें मंगाई गई है, वह बहुत पुरानी हैं और यहां यह कहा गया कि यह नई मशीने लगाई गई हैं। इसमे काफी भ्रष्टाचार, धोखेबाजी घूसखोरी हुई है, क्या इन सारे तथ्यों की जांच करायेंगे, जिससे भारत की जनता को पता लग सके कि नई मशीनें बताकर पिछली और सरकार ने पुरानी मशीनें लगाई हैं ?

श्री बृजलाल वर्मा : माननीय सदस्य ने जो कहा है, मैं उस को दिखवा लूंगा।

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: There have been a large number of complaints from subscribers throughout the country about wrong metering of the STD calls which are made, that the meter continues even after the line has been disconnected. Therefore, I would like to know what steps the Minister will take to see that this defect is removed.

Secondly, I would also like to know what steps the Minister will take in order to see that tapping of telephones is stopped. Particularly, I might say, my experience has been that tapping has increased in recent months and it has also become selective. Invariably when the tapper goes for his or her breakfast or lunch or dinner, I am not able to either receive or make telephone calls. So I would like to know what measures the Minister is taking to see that the freedom that this Ministry claims to have restored in this country will also be restored to us who have telephones....

SHRI SAUGATA ROY: Particularly to ladies.

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: This young man should know that he should be a bit more sophisticated, a bit more cultured and a bit more developed and not make remarks like this.

श्री बृजलाल वर्मा : टेलीफोन्ज के सम्बन्ध में इस प्रकार की जो शिकायतें हैं, उन का सबसे बड़ा कारण कबिल्ज की फ़ाल्ट्स हैं, और मशीनों का भी कुछ फ़ाल्ट्स हैं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, उन्हें दुरुस्त करने की व्यवस्था की जा रही है, और इस सम्बन्ध में मैं जांच

बिठाने के लिए भी तैयार हो गया हू। पुरानी सरकार ने गलत ढग से गलत मशीनें लगाई, इसी कारण ये शिकायतें आ रही है। (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, जो टैपिंग का सवाल है उसके बारे मे मुझे यह कहना है कि टैपिंग हमारे विभाग द्वारा नही हो रही है। पहले जो उनको सरकार टैपिंग कर रही थी उसको हमने बन्द कर दिया है। अब टैपिंग का सवाल नही है। हमने अपने विभाग मे चारो तरफ इस्ट्रक्शस दे दिए हैं कि किसी की भी टैपिंग न हो। हमारे विभाग मे बिल्कुल इसकी मनाही कर दी गई है।

**श्री जुल्फीकारुल्ला** उत्तर प्रदेश के कई बैकवर्ड जिलों जैसे सुलतानपुर, हमीरपुर, फतेहपुर वगैरह मे एक हजार से ऊपर की आबादी के जो गाव है जिनसे अभी तक डाकखाने नही खुले है क्या उन का सर्वे मत्री महोदय ने कराया है कि कितने ऐसे गाव हैं और अगर कराया है तो कब तक वहा डाकखाने खोले देंगे ?

**श्री बृजलाल वर्मा** वहा पर खोलवाने की कोशिश कर रहे है।

**डा० सुशीला नायर.** क्या मत्री महोदय को मालूम है कि टेलीफोन वगैरह मे घाटे का एक मुख्य कारण यह भी है कि एक तो लाइन मैन इत्यादि ब्रेककाल का पैसा लगाते नहीं हैं और अक्सर गलत नम्बर पर लगा देते हैं? एक की काल दूसरे किसी कनेक्शन के साथ लगा देते हैं जिसने काल किया ही नही, जिससे जिसने काल नही किया उसके पास बहुत बडे बडे बिल आ जाते है और जब उनसे पूछा जाता है तो वे कह देते है कि आपने एस टी डी किया होगा, जो उन्होने किया ही नही था, इस तरह जो गडबडी और चोरी होती है उसके लिए जो लाइन मैन या दूसरे लोग जिम्मेदार हैं उन को दुरुस्त करने के लिए मत्री महोदय क्या करेंगे?

**श्री बृजलाल वर्मा :** ऐसी कोई शिकायत हमारे पास आएगी तो उस की हम जाच कराएँगे और जिस कर्मचारी ने भी गलत काम किया होगा उसको सजा भी देंगे ।

**श्री बसा सिह गुलशन** क्या मत्री महोदय यह बताएगे कि डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर्स को डायरेक्ट डायल सिस्टम पर राजधानी से जोडने की कोई व्यवस्था है? यदि है तो कब तक यह काम पूरा हो जायगा ?

**श्री बृजलाल वर्मा :** एक प्रान्त की राजधानी से दूसरे प्रान्त की राजधानी को जोडने की हम जल्द से जल्द कोशिश कर रहे है और जहा जहा बडे बडे हेडक्वार्टर्स या बडे बडे शहर हैं, बहुत बडे बिजनेस के या ज्यादा पापुलेशन के एरिया है उनको भी जल्द से जल्द दो साल के अन्दर जोडने की कोशिश कर रहे हैं।

**श्री चतुर्भुज** मैं यह जानकारी चाहता हू कि पी ऐंड टी के जो निदेशक है उन की क्वालिफिकेशन क्या है और उन को कब कब प्रोमोशन दिया गया ? जितने भ्रष्टाचार और बेईमानी वगैरह है उसकी जड वही हैं।

**श्री बृजलाल वर्मा** अध्यक्ष महोदय, क्वालिफिकेशन का इसमे सवाल उठता नही है ।

SHRI G NARSIMHA REDDY The hon Minister has said that he is going to give telephone connections to all the tribal villages where the population is more than 2500 I would like to remind him that we do not have any village in the hilly areas, which has got a population of more than 2500 That means, he does not

want to give connection to any tribal village I would request him to bring down this figure to 500 only, if he wants to give connections to them I would like to know whether he would give connections to the tribal villages where the population is 500 or less If he wants to give connections only to villages with a population of more than 2500 no village would get the connections

MR SPEAKER In his written answer, the Minister has already said that even for villages with 500 population he would give the connections

श्री रविन्द्र प्रताप सिह अध्यक्ष महोदय, मैं आप के माध्यम से जानना चाहता हू पिछले चुनाव के समय मे सुलतानपुर और अमेठी का कनेक्ट किया गया था, लेकिन वह कनेक्शन अब ठीक से काम नही कर रहा है—क्या उस का ठीक कराने की व्यवस्था की जायगी ?

श्री बृजलाल वर्मा आप ने जो जानकारी दी है मै उसको देख लेता हू— अगर कोई अडचन होगी तो दुरुस्त करा दगा ।

MR SPEAKER Question No 778

SHRI SAUGATA ROY Sir on a point of order There are two Starred Questions in the name of Shri S S Somani Is it permissible under the rules?

MR SPEAKER You are right but I cannot do anything now There should not have been put in two questions on the same day

MR SOMANI he has left and has solved the problem

DR KARAN SINGH Sir if it comes in the ballot there is no objection

MR SPEAKER Not more than one question, that is the rule

**Settlement of claims of Indians evicted from Uganda**

+

*780 SHRI TARUN GOGOI
SHRI VAYALAR RAVI

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state

(a) whether all the claims of Indians evicted from Uganda have been settled

(b) if so, to what extent, and

(c) how far it has helped to improve our relations with Uganda?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE) (a) No Sir

(b) Government of India preferred the claims only of Indian nationals with the Government of Uganda Out of 1 535 claims which had been filed by High Commission of India Kampala with the Government of Uganda 1 038 claims were substantiated and considered for compensation The Government of Uganda paid a sum of Rs 1 44 88 729 35 as compensation covering 628 claims Some items remained to be resolved through normal diplomatic channels or established procedures Full payments in case of 468 claims have been disbursed The other admitted claims are being processed

(c) This payment of compensation by the Government of Uganda to Indian nationals has resolved a major problem in Indo-Ugandan relations

SHRI TARUN GOGOI May I know from the hon Minister, what were the reasons for delay in full payment of the claims and what steps are being taken for the payment of the amount to the persons concerned?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE All the claims are to be processed by the Ministry We have appointed a special officer to expedite this process I hope that the compensation